दिन– मंगलवार

दिनांक– 20 / 01 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधि– 15 मिनट

---

01. नितिन नबीन बने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष। नई दिल्ली में आज हुई औपचारिक घोषणा।

02. प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार के प्रगति तंत्र, के प्रभावी उपयोग से कई बड़ी परियोजनाओं का हुआ क्रियान्वयन।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के दौरान गोपालगंज जिले में तीन सौ सोलह करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास और लोकापर्ण।

04. और, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के कई इलाकों में बादल छाये। मौसम विभाग ने कहा – अगले चौबीस घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में कमी से ठंड बढ़ेगी।

---

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय निर्वाचन अधिकारी डॉ. के. लक्ष्मण ने उनके नाम की औपचारिक घोषणा की। औपचारिक घोषणा के बाद श्री नितिन नबीन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की शपथ ली। अपने संबोधन में श्री नबीन ने कहा कि पार्टी के हरेक कार्यकर्ता ने संगठन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

–––बाइट–––

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनकी सरलता और सहजता की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे हमारे बॉस हैं। उनके कार्यानुभव, अनुशासन और कार्यशैली का पार्टी को बड़ा लाभ मिलेगा।

–––बाइट–––

प्रधानमंत्री ने श्री नबीन को बधाई देते हुए कहा कि भाजपा में सबसे छोटे स्तर की इकाई से लेकर राष्ट्रीय स्तर की इकाई तक लोकतांत्रिक परम्परा का निर्वहन किया जाता है। इसी कारण पार्टी में जनता का विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है।

–––बाइट–––

---

श्री नबनी के अध्यक्ष बनने पर बधाई और शुभकामनाएं का सिलसिला शुरू हो गया है। पूर्व अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा ने कहा कि श्री नबीन के युवा नेतृत्व में पार्टी नई उंचाइयां छुएगी।

---बाइट---

केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच युवाओं को आगे बढ़ा रही है।

---बाइट---

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि यह बिहार के लिए अत्यंत गौरव का समय है।

---बाइट---

कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि श्री नबीन के नेतृत्व में पार्टी और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनावों में पार्टी को इसका पूरा लाभ मिलेगा।

---बाइट---

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि श्री नबीन का पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना इस बात का प्रमाण है कि भाजपा में निर्णय परिवारवाद के आधार पर नहीं लिये जाते।

---बाइट---

इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, जे पी नड्डा तथा नितिन गडकरी ने उनका अभिनंदन किया।

---

भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन में पार्टी भविष्य की तमाम संभावनाएं देख रही है। प्रस्तुत है उनके राजनीतिक सफर पर एक रिपोर्ट...

---रिपोर्ट---

पार्टी के सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने राजनीति की शुरूआत भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री के रूप में की। वे युवा मोर्चा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष भी रहे। इन पदों पर रहते हुए श्री नबीन ने युवाओं को संगठन से जोड़ने का काम किया। पिता के निधन के बाद वर्ष दो हजार छह में पहली बार पटना के बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे। वर्ष दो हजार दस, दो हजार पंद्रह, दो हजार बीस और दो हजार पच्चीस के चुनावों में भी लगातार जीत दर्ज की। नौ फरवरी दो हजार इक्कीस को वे पहली बार बिहार सरकार में मंत्री पद पर सुशोभित हुए। पार्टी ने उनकी कार्यकुशला और संगठन क्षमता में विश्वास दिखाते हुए उन्हें छत्तीसगढ़ और सिक्किम का प्रभार सौंपा। इन दोनों राज्यों में भाजपा को बड़ी जीत मिली। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद अब उनकी भूमिका और बड़ी हो गयी है। पार्टी उनकी सहज, सरल, कार्यकुशल छवि के बल पर आने वाले विभिन्न प्रदेशों के चुनाव में बड़ी सफलता हासिल करने के लिए तैयार है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

---

भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत अधिकारी और प्रधानमंत्री के पूर्व सलाहकार अमित खरे ने कहा है कि उनके कार्यकाल के दौरान प्रगति तंत्र के प्रभावी उपयोग से विभिन्न विभागों में कई बड़ी परियोजनाओं को अमूर्त रूप दिया गया। इनमें अग्रणी क्षेत्र सड़क और राजमार्ग से जुड़ी करीब तीन सौ सत्रह परियोजनाएं पूरी की गयीं। वहीं, रेलवे, तेल एवं गैस, बिजली उत्पादन और आपूर्ति तथा मेट्रो परियोजनाओं में भी उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गयी। श्री खरे के कार्यकाल के दौरान प्रगति तंत्र के अंतर्गत एक सौ सत्तर उच्च मूल्य की परियोजनाओं की प्रधानमंत्री स्तर पर सीधे समीक्षा की गयी। उनके कार्यकाल में राष्ट्रीय महत्व की कई बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं को नई गति मिली और कई लंबित परियोजनाओं को पूरा किया गया।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के दौरान आज गोपालगंज जिले में तीन सौ सोलह करोड़ रूपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकपर्ण किया। मुख्यमंत्री श्री कुमार ने बरौली प्रखंड में आयोजित कार्यक्रम में लोगों से संवाद करते हुए कहा कि राज्य सरकार हर जिले में विकास का मूलभूत ढांचा सुदृढ़ बनाने का प्रयास कर रही है। इससे जिले में सड़क, पुल–पुलिया, तटबंध, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, कृषि और ग्रामीण आधारभूत संरचना को मजबूती मिलेगी।

–––बाइट–––

इस दौरान उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

---

राज्य में जमीन मापी के लंबित मामलों का निपटारा इकतीस जनवरी तक कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी देते हुए राजस्व और भूमि सुधार विभाग के निर्णयों की प्रशंसा की है। श्री कुमार ने कहा कि इससे सरल, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से मामलों का निपटारा संभव हो सकेगा। इधर, उप मुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि राज्य में अभियान चलाकर जमीन से जुड़े विवादों को समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। श्री सिन्हा ने कहा कि विवादित भू–मापी के मामलों को लेकर भी एक अप्रैल से विशेष अभियान चलाया जाएगा।

–––बाइट–––

---

पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा है कि इस वर्ष पंचायत चुनाव पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराये जायेंगे। औरंगाबाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री प्रकाश ने कहा कि फर्जी मतदान को रोकने के लिए चेहरा पहचान तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कदम पिछले चुनाव में फर्जी मतदान की शिकायतों के बाद विश्वास बहाली के लिए उठाया गया है। श्री प्रकाश ने कहा कि इस वर्ष होने वाले पंचायत चुनाव में नया आरक्षण रोस्टर लागू होगा। साथ ही मतदान ईवीएम से कराया जाएगा।

---बाइट---

---

एक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकतर भागों में मौसम में परिवर्तन दर्ज किया गया है। राजधानी पटना और आस–पास के क्षेत्रों में बादल छाये रहे। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों के दौरान राज्य के अनेक स्थानों पर अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की कमी की संभावना है, जिससे कनकनी बढ़ेगी।

---बाइट---

---

रोहतास पुलिस ने करगहर थाना क्षेत्र अंतर्गत निमडीहरा गांव में छापेमारी कर एक मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। पुलिस ने मौके से एक आरोपी बलिराम को गिरफ्तार कर लिया। एसडीपीओ कुमार वैभव ने बताया कि मौके से एक नाली बंदूक, हथियार बनाने के उपकरण समेत कई आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गयी है। उन्होंने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और हथियारों की सप्लाई का नेटवर्क खंगाला जा रहा है।

---

निगरानी विभाग की टीम ने अररिया जिले के नरपतगंज अंचल कार्यालय में कार्यरत राजस्व कर्मचारी इम्तियाज आलम को पंद्रह हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार कर्मचारी जमीन की दाखिल–खारिज के लिए रिश्वत की मांग कर रहा था।

---

शेखपुरा जिले की स्थानीय अदालत ने न्यायालय में उपस्थित होकर गवाही नहीं देने के आरोप में तत्कालीन अनुमंडल पदाधिकारी श्याम किशोर प्रसाद और कार्यपालक पदाधिकारी नरेंद्र झा के विरूद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. नितिन नबीन बने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष। नई दिल्ली में आज हुई औपचारिक घोषणा।

02. प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार के प्रगति तंत्र, के प्रभावी उपयोग से कई बड़ी परियोजनाओं का हुआ क्रियान्वयन।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के दौरान गोपालगंज जिले में तीन सौ सोलह करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास और लोकापर्ण।

04. और, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के कई इलाकों में बादल छाये। मौसम विभाग ने कहा – अगले चौबीस घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में कमी से ठंड बढ़ेगी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।